भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1890**

दिनांक 03.08.2016/12 श्रावण, 1938 (शक) को उत्तर के लिए

**वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित राज्यों में विकास कार्य**

**1890. श्री मोहम्मद अली खानः**

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार वामपंथी उग्रवाद (एल.डब्ल्यू.ई.) से प्रभावित राज्यों में किए जा रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने राज्यों में परियोजनाओँ को शीघ्रातिशीघ्र पूरा करने के लिए कहा है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या वर्ष 2013 की तुलना में वर्ष 2015 के दौरान नक्सली हिंसा के कारण होने वाली मौतों में 42 प्रतिशत की कमी आई थी, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री **(श्री हंसराज गंगाराम अहीर)**

**(क): जी, हां। संबंधित मंत्रालयों और गृह मंत्रालय द्वारा बैठकों और वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से नियमित तौर पर विभिन्न विकासपरक तथा सुरक्षा-संबंधी योजनाओं में कार्यों की प्रगति की समीक्षा और निगरानी की जाती है।**

**वर्तमान समीक्षाएं, गृह सचिव द्वारा दिनांक 24.06.2016 और मंत्रीमंडल सचिव द्वारा दिनांक 08.07.2016 को ली गई बैठकों में की गई थी।**

**(ख): सरकार इसकी निगरानी रखती है और राज्यों को , यथा -अपेक्षित, समय पर परियोजनाएं पूरा करने का परामर्श देती है।**

**(ग): वर्ष 2013 में सूचित मौतों की संख्या 397 थी जो 42 % की गिरावट के साथ वर्ष 2015 में 230 मौतें हो गई।**

-------